राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

—: प्रेस—नोट :— **दिनांक :— 02.05.2016**

आयोग द्वारा दिनांक 18.10.15, 20.10.15 एवं 25.10.15 को आयोजित सहायक लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा 2015 के प्रश्न पत्र प्रथम व द्वितीय की परिणाम के साथ दिनांक 22.12.15 को जारी उत्तर कुंजी माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा एस.बी. सिविल रिट याचिका संख्या 431/16 महेश कुमार शर्मा बनाम् सरकार व अन्य में पारित आदेश दिनांक 25.04.16 के अनुपालन में पुनः आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 02.05.16 को उपलब्ध करवा दी गई है। यदि किसी भी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी पर कोई आपत्ति हो तो दिनांक 04.05.16 से दिनांक 06.05.16 को रात्रि 12:00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाईन आयोग की वेबसाईट पर दर्ज करवा सकता है। आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध प्रश्न पत्र में वर्णित प्रश्नों के क्रमानुसार ही प्रश्नों पर आपत्तियाँ प्रविष्ट करें। **आपत्तियाँ केवल ऑनलाइन ही प्रस्तुत करें। ऑनलाइन आपत्तियों का लिंक दिनांक 04.05.16 से दिनांक 06.05.16 को रात्रि 12.00 बजे तक ही उपलब्ध है, उसके पश्चात् लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जाऐंगी। आपत्तियाँ केवल एक बार ही ली जाएंगी। ऑनलाइन आपत्तियों के लिये पोर्टल rpsc.rajasthan.gov.in/examobjection या लिंक rpsconline.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं, को अभ्यर्थी क्लिक करें।** आपत्ति प्रामाणिक (Standard, Authentic) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाईन संलग्न करें ।

(बी.एल. कोठारी)
उप सचिव